दिनांक 24.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

’नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने सहायक अभियंता को कार्यपालन अभियंता के पद पर किया पदस्थ’

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम के आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने एक आदेश जारी किया है जिसमें उल्लेखित है कि उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के पत्र क्रमांक 9491/8104/2017/18 नया रायपुर दिनांक 23–12–2017 के द्वारा नगर पालिक निगम, भिलाई में कार्यरत सहायक अभियंताओं का कार्यपालन अभियंता पद पर पदोन्नति की पुष्टि की गई है जिसके परिपालन में कार्यालयीन आदेश क्रमांक 2592,2594,2596, 2598 2600, 2602 दिनांक 30–12–2017 के द्वारा बी.के. देवांगन कार्यपालन अभियंता को जोन क्रमांक 6, प्रशांत शुक्ला कार्यपालन अभियंता को उद्यान विभाग, आर.के. साहू कार्यपालन अभियंता को सचिव लोक कर्म विभाग, संजय बागड़े कार्यपालन अभियंता को जोन क्रमांक 1 ,डी.के. वर्मा कार्यपालन अभियंता को जोन क्रमांक 5, सतीश वर्मा कार्यपालन अभियंता को सुडा रायपुर में कार्यपालन अभियंता पद पर पदोन्नत किया गया है।

जनसम्पर्क अधिकारी